संपूर्ण भारत के लिए एक प्रकाशन

RNI Reg.No.-CHHHIN/2004/15050
Postal Reg.No.-13/Surguja DN/2023-2025

# दैनिक घटती घटना

Www.ghatatighatana.com
Ghatatighatana11@gmail.com

अम्बिकापुर,वर्ष 20,अंक -288 सोमवार,19 अगस्त 2024, पृष्ठ - 8+8 मूल्य 4 रूपये




## छत्तीसगढ़ सरकार 36 घंटे भी नहीं दिए और आशियाना उजाड़ दिए...पर इंकलाब होता रहेगा इंसाफ तक...अब तो बताईए मुख्यमंत्री जी...क्या छापें ?




## कलम बंद...का उन्चासवां दिन

- » छत्तीसगढ़ की विष्णुदेव साय सरकार क्या गैर संवेदनशील सरकार है...?
- » सरकार को कमियां ना दिखाएं तो क्या दिखाएं...?
- » क्या विष्णुदेव साय सरकार बेहतर चल रही है...सिर्फ यह बात आईएएस लॉबी को पता है...आम जनता को नहीं है जानकारी...?
- » किसी का दिव्यांग प्रमाण-पत्र फर्जी वह करता है मंत्री के घर मनमर्जी,दिव्यांग मांग रहे अधिकार क्या उन्हे दोगे न्याय प्रदेश के कर्णधार?
- » क्या फर्जी दिव्यांग और फर्जी डिग्री के आधार पर जो कर रहे नौकरी उन्हे होगी जेल...उन्हें मिल सकेगा संकल्प पत्र अनुसार दण्ड...?

### क्या प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री के लिए पूरे प्रदेश के लोगों से ऊपर उनके भतीजे हैं?

### स्वास्थ्य मंत्री ने पत्रकारों को संरक्षण देने की बात कही...वहीं दूसरी तरफ भ्रष्टाचार पर जनसंपर्क अधिकारी को आगे कर समाचार-पत्र पर दबाव बनाने का कर रहे वह काम...ये कैसा संरक्षण?

### कैसे पत्रकारों को मिलेगी सुरक्षा...कैसे समाचार-पत्र रह सकेंगे निष्पक्ष...जब उन्हे सच लिखने पर मिलेगी सजा?

# क्या छापें माननीय मुख्यमंत्री जी ?

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल महामहिम श्री रेमन डेका से हस्तक्षेप की मांग...

क्या छापें आयुक्त सहसंचालक आईपीएस मयंक श्रीवास्तव साहब?

स्पष्ट कीजिए माननीय प्रधानमंत्री जी,स्पष्ट कीजिए माननीय मुख्यमंत्री जी छत्तीसगढ़ शासन,स्पष्ट कीजिए माननीय स्वास्थ्य मंत्री जी छत्तीसगढ़ शासन...गृहमंत्री जी,भारत सरकार

क्या छत्तीसगढ़ में भ्रष्टाचार को लेकर खबर प्रकाशन पर होगी समाचार पत्र पर कार्यवाही ?

## तुगलकी फरमान के विरूद्ध कलमबंद अभियान...

छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री के विभाग जनसंपर्क के द्वारा स्वास्थ्य मंत्री श्री श्यामबिहारी जायसवाल के विभाग से संबंधित समाचारों के प्रकाशन पर जनसंपर्क संचनालय के आयुक्त सह संचालक आईपीएस श्री मयंक श्रीवास्तव के मौखिक आदेश पर घटती-घटना के शासकीय विज्ञापन पर रोक लगाकर दबाव बनाने से लोकतंत्र के चौथे स्तंभ के मूलभूत हक पर कुठाराघात के विरूद्ध कलमबंद अभियान...प्रशासनिक अत्याचार झेलने के बावजूद है जारी।

**घटती-घटना के स्नेही पाठकों,विज्ञापनदाताओं एवं शुभचिंतकों को हो रही असुविधा के लिए खेद है...**

संपादक :- अविनाश कुमार सिंह

## खुला पत्र


# क्या छापें माननीय मुख्यमंत्री जी ?


# क्या छापें स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जी...




## तुगलकी फरमान के विरूद्ध कलमबंद अभियान...

छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री के विभाग जनसंपर्क के द्वारा स्वास्थ्य मंत्री श्री श्यामबिहारी जायसवाल के विभाग से संबंधित समाचारों के प्रकाशन पर जनसंपर्क संचनालय के आयुक्त सह संचालक आईपीएस श्री मयंक श्रीवास्तव के मौखिक आदेश पर घटती-घटना के शासकीय विज्ञापन पर रोक लगाकर दबाव बनाने से लोकतंत्र के चौथे स्तंभ के मूलभूत हक पर कुठाराघात के विरूद्ध कलमबंद अभियान...?




कलम बंद...का उन्चासवां दिन

?

कलम बंद...का उन्चासवां दिन

समाचार पत्र में छपे समाचार एवं लेखों पर सम्पादक की सहमति आवश्यक नहीं है। हमारा ध्येय तथ्यों के आधार पर सटिक खबरें प्रकाशित करना है न कि किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाना। सभी विवादों का निपटारा अम्बिकापुर न्यायालय के अधीन होगा।

घटती-घटना के स्नेही पाठकों,विज्ञापनदाताओं एवं शुभचिंतकों को हो रही असुविधा के लिए खेद है...

संपादक :- अविनाश कुमार सिंह

## खुला पत्र

# क्या प्रकशित करें आयुक्त सहसंचालक आईपीएस मयंक श्रीवास्तव जी ?


अम्बिकापुर, 18 अगस्त 2024(घटती-घटना)। आपको जो कमियां दिखाई जा रही हैं...वह आपको पसंद नहीं आ रही हैं...आपके विभाग में कितनी कमियां हैं...यह शायद आपको दिख नहीं रहा और अखबार आपको दिखाना चाह रहा है...वह देखना नहीं चाहते ऐसे में क्या प्रकाशित करें..यह आप ही तय करें ? अखबार जो आपको कमियां दिख रहा है उस कमियों को आपको दूर करना था पर उसे कमियों को दूर करने के बजाय आप अखबार से पत्रकार से संपादक से आपको दिक्कत हो रही फिर आप यह समझिए कि आपसे जनता को कितनी दिक्कतें हो रही होंगी ?

# क्या छापें माननीय मुख्यमंत्री जी ?




कलम बंद...का उन्चासवां दिन

कलम बंद...का उन्चासवां दिन




घटती-घटना के स्नेही पाठकों,विज्ञापनदाताओं एवं शुभचिंतकों को हो रही असुविधा के लिए खेद है...

संपादक :- अविनाश कुमार सिंह

## खुला पत्र

# देश के माननीय प्रधानमंत्री से भी सवाल...क्या भ्रष्टाचार के विरुद्ध छत्तीसगढ़ की प्रदेश सरकार के खिलाफ समाचार लिखना है अपराध ?

**अम्बिकापुर,18 अगस्त 2024 (घटती-घटना)। माननीय मुख्यमंत्री से भी सवाल है...छत्तीसगढ़ में आपकी सरकार है...केंद्र में भी आपकी पार्टी की सरकार है...पर छत्तीसगढ़ में लोकतंत्र के चौथे स्तंभ को कमियां दिखाने से रोकने का भी प्रयास हो रहा है...यह प्रयास कहीं ना कहीं स्वस्थ लोकतंत्र को कमजोर करने का प्रयास है...जहां पर भाजपा सरकार से लोगों को बेहतर करने की उम्मीद होती है तो वहीं पर छत्तीसगढ़ में नवनिर्वाचित मंत्री,विधायक बे-लगाम हो चुके हैं...उन्हें जो जिम्मेदारी मिली है उसे जिम्मेदारी को निभाने में असमर्थ दिख रहे हैं...उनकी कमियों को बताना उन्हें रास नहीं आ रहा इसलिए वह पत्रकार,संपादक का कलम बंद करने का प्रयास कर रहे हैं अब इस पर आप ही संज्ञान ले...और बताएं की संपादक व पत्रकार कौन सी खबर प्रकाशित करें ?**

# क्या छापें माननीय मुख्यमंत्री जी ?




घटती-घटना के स्नेही पाठकों,विज्ञापनदाताओं एवं शुभचिंतकों को हो रही असुविधा के लिए खेद है...

संपादक :- अविनाश कुमार सिंह


C M Y K

खुला पत्र

# भारत में सच्चे पत्रकार को राजनीतिक पार्टियों से खतरा क्यों रहता है ?

अम्बिकापुर,18 अगस्त 2024(घटती-घटना)। भारत अपने पत्रकारों को निडर होकर काम करने का स्वतंत्र तरीका प्रदान करने में बहुत पीछे है...इन दिनों...कुछ को छोड़कर...हर दूसरा पत्रकार वही खबर दे रहा है जो सरकार की प्रशंसा करती है...नए चैनल लोगों को सरकार द्वारा की गई गलती से विचलित करने के लिए विभिन्न विषयों पर अनावश्यक बहस दिखाएंगे...इसके कारण,अधिक महत्वपूर्ण मुद्दे हैं जो किसी का ध्यान नहीं जाता हैं...दूसरा कारण यह है कि पत्रकार अपने सिद्धांतों और मूल्यों को खो रहे हैं क्योंकि आज स्थिति ऐसी है कि स्थापना के खिलाफ विषयों पर बोलने या लिखने वाले पत्रकारों को धमकी देना,गाली देना और मारना कई अन्य देशों की तरह भारत में भी एक वास्तविकता बन गई है...देश और दुनिया को डरा दिया है...वहीं,पत्रकारों पर लगातार हो रहे हमलों की घटनाओं ने एक बार फिर उन्हें सुर्खियों में ला दिया है...जो पत्रकार देश और उसके आम नागरिकों के लिए लिखे वे मरे या प्रताड़ित हुए सरकारी तंत्रों के द्वारा...!

# क्या छापें माननीय मुख्यमंत्री जी ?




?

कलम बंद...का उन्चासवां दिन

कलम बंद...का उन्चासवां दिन




घटती-घटना के स्नेही पाठकों,विज्ञापनदाताओं एवं शुभचिंतकों को हो रही असुविधा के लिए खेद है...

संपादक :- अविनाश कुमार सिंह

## खुला पत्र

# क्या भ्रष्टाचार का मामला वहीं होगा दर्ज जहां होगी भाजपा से इतर दल की सरकार ?

» भ्रष्टाचार की खबरों से दिक्कत...

» कमी दिखाओ तो दिक्कत...

» जनता की परेशानियों को दिखाओ तो दिक्कत...

अम्बिकापुर, 18 अगस्त 2024(घटती-घटना)। आखिर लोकतंत्र का चौथा स्तंभ करें तो क्या करें ? सरकारी तंत्र भ्रष्टाचार की ओर बढ़ रहे भ्रष्टाचार को उजागर करने पत्रकार दौड़ रहा पर पत्रकार की दौड़ के पीछे निर्वाचित जनप्रतिनिधि उसकी दौड़ की गति को कम करने का प्रयास कर रहे हैं,भ्रष्टाचार बढ़ता रहे पर पत्रकार ना दिखाएं क्या यही चाहता है जनप्रतिनिधि या फिर सरकारी तंत्र।

# क्या छापें माननीय मुख्यमंत्री जी ?




घटती-घटना के स्नेही पाठकों,विज्ञापनदाताओं एवं शुभचिंतकों को हो रही असुविधा के लिए खेद है...

संपादक :- अविनाश कुमार सिंह

# भारतीय महिला ए टीम ने दौरे पर तोड़ा अपनी लगातार 5 हार का सिलसिला



## ऑस्ट्रेलिया को दी 171 रनों की बड़ी मात

**मेलबर्न, 18 अगस्त 2024।** भारतीय महिला ए टीम अभी ऑस्ट्रेलिया के दौरे पर है जिसमें टीम ने तीसरे 50 ओवर्स मुकाबले में शानदार प्रदर्शन करते हुए उसे 171 रनों से अपने नाम किया है। अब तक इस दौरे पर भारतीय महिला ए टीम को लगातार 5 मैचों में हार का सामना करना पड़ा था, जिसमें तीन टी20 और दो 50 ओवर्स मैच शामिल हैं। वहीं इस लगातार हार के सिलसिले को तोड़ते हुए उन्होंने तीसरे 50 ओवर्स मैच को एकतरफा तरीके से अपने नाम किया है। इस मुकाबले में भारतीय महिला ए टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 9 विकेट के नुकसान पर 243 रनों का स्कोर बनाया था तो वहीं ऑस्ट्रेलियाई महिला ए टीम सिर्फ 72 रनों के स्कोर पर सिमट गई।

### प्रिया मिश्रा ने दिखाया गेंद से कमाल, ऑस्ट्रेलिया की आधी टीम भेजी पवेलियन

इस तीसरे 50 ओवर्स के मैच में 244 रनों के टारगेट का पीछा करने उतरी ऑस्ट्रेलियाई महिला ए टीम की शुरुआत बेहद ही खराब देखने को मिली जिसमें उन्होंने 55 के स्कोर तक अपनी आधी टीम को गंवा दिया था। यहां से उनके लिए मुकाबले में वापसी करना बिल्कुल भी आसान काम नहीं था और पूरी टीम सिर्फ 72 के स्कोर पर सिमट गई। ऑस्ट्रेलियाई महिला ए टीम के 8 खिलाड़ी ऐसे थे जो इस मुकाबले में दहाई का आंकड़ा भी छूने में कामयाब नहीं हो सके। ऑस्ट्रेलिया की पारी में सबसे ज्यादा 22 रनों की पारी ओपनिंग बल्लेबाज मैडी डार्क ने खेली। वहीं भारतीय महिला ए टीम की गेंदबाजी को लेकर बात की जाए तो उसमें प्रिया मिश्रा का कमाल देखने को मिला जिन्होंने 5 ओवर्स में सिर्फ 14 रन देने के साथ 5 विकेट हासिल किए। वहीं कप्तान मिनू मानी ने 2 जबकि सोप्पाधंडी यशश्री, मेघना सिंह और साइका इशाक ने 1-1 विकेट अपने नाम किया।

### बल्लेबाजी में एकबार फिर से दिखा राघवी बिष्ट का कमाल

भारतीय महिला ए टीम के तीसरे 50 ओवर्स मुकाबले में बल्लेबाजी प्रदर्शन को लेकर बात की जाए तो उसमें राघवी बिष्ट के बल्ले का कमाल एकबार फिर से देखने को मिला जिसमें उन्होंने 64 गेंदों में शानदार 53 रनों की पारी खेली तो वहीं तेजल हसब्निस के बल्ले से भी 50 रन देखने को मिले। इसके अलावा सजीवन संजना ने 40 तो कप्तान मिनू मानी ने 34 रनों की अहम पारी खेलते हुए टीम का स्कोर इस मुकाबले में 243 रनों तक पहुंचाने में अहम भूमिका अदा की। ऑस्ट्रेलिया महिला ए टीम के लिए इस मैच में मैटलान ब्राउन ने 3 विकेट हासिल किए।



# अंडर 19 महिला टी 20 विश्व कप 2025 के शेड्यूल का हुआ ऐलान

## इन टीमों से होगा भारत का सामना

**मलेशिया, 18 अगस्त 2024।** आईसीसी महिला अंडर-19 टी20 वर्ल्ड कप 2025 के शेड्यूल की घोषणा हो गई है। इस बार ये टूर्नामेंट मलेशिया में खेला जाएगा। पिछले सीजन भारत ने शेफाली वर्मा की कप्तानी में इंग्लैंड को हराकर खिताब जीता था। अब अगले साल 18 जनवरी से इस टूर्नामेंट की शुरुआत हो रही है। खास भारत ये रही है। इस बार भारत और पाकिस्तान को अलग-अलग ग्रूप में रखा गया है। भारत को ग्रूप-ए में जगह मिली है। वहीं पाकिस्तान को ग्रूप-बी में रखा गया है।

### टूर्नामेंट में खेलेंगी 16 टीमें

महिला अंडर-19 टी 20 वर्ल्ड कप 2025 में कुल 16 टीमें हिस्सा लेंगी। हर टीम ग्रूप स्टेज में तीन-तीन मुकाबले खेलेगी। इसके बाद हर ग्रूप में टॉप-3 में रहने वाली टीमें सुपर-6 सिक्स के लिए क्वालीफाई करेंगी। सुपर सिक्स के लिए टीमों को दो ग्रूप में बांटा जाएगा। जिसमें से सेमीफाइनल में चार टीमें पहुंचेगी और उसके बाद फाइनल मुकाबला खेला जाएगा। सेमीफाइनल मुकाबले 31 जनवरी को और फाइनल मैच 2 फरवरी को होगा। सेमीफाइनल और फाइनल के लिए रिजर्व डे रखा गया है। ग्रुप स्टेज में भारतीय टीम को वेस्टइंडीज, श्रीलंका और मलेशिया के खिलाफ मुकाबले खेलने हैं। 16 टीमों को चार ग्रूप में बांटा गया है।

ग्रूप एः भारत, वेस्टइंडीज, श्रीलंका, मलेशिया

ग्रूप बीः इंग्लैंड, पाकिस्तान, आयरलैंड, यूएसए

ग्रूप सीः न्यूजीलैंड, दक्षिण अफ्रीका, अफ्रीका क्वालीफायर, समोआ

ग्रूप डीः ऑस्ट्रेलिया, बांग्लादेश, एशिया क्वालीफायर, स्कॉटलैंड

# भारत के खिलाफ टेस्ट सीरीज को लेकर पैट कमिंस ने कहा-हमारा लक्ष्य इसे जीतना होगा

**मेलबर्न, 18 अगस्त 2024।** भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच खेली जाने वाली बॉर्डर-गावस्कर टेस्ट सीरीज का इंतजार सभी क्रिकेट फैंस काफी बेसब्री के साथ करते हैं। इस बार दोनों टीमों के बीच ये सीरीज 5 मैचों की खेली जाएगी जिसकी मेजबानी ऑस्ट्रेलियाई टीम करेगी। इस सीरीज को लेकर ऑस्ट्रेलियाई टेस्ट टीम के मौजूदा कप्तान पैट कमिंस ने अभी से बयान देना शुरू कर दिया है। पैट कमिंस ने अपने दिए एक बयान में कहा है कि वह इस ट्रॉफी को जीतने के लिए काफी बेताब हैं। कमिंस टी20 वर्ल्ड कप 2024 में खेलने के बाद से इंटरनेशनल क्रिकेट में नहीं खेला है। अब वह खुद को भारत के खिलाफ होने वाली टेस्ट सीरीज के लिए तैयार कर रहे हैं।



पैट कमिंस ने फॉक्स स्पोर्ट्स को दिए अपने बयान में भारत के खिलाफ आगामी नवंबर 2024 में शुरू होने वाली 5 मैचों की इस टेस्ट सीरीज को लेकर बात करते हुए अपने बयान में कहा कि मैंने अभी तक इस ट्रॉफी को एक बार भी नहीं जीता है और ये एक ऐसी ट्रॉफी भी है जिसे अब तक हमारी टीम के कई खिलाड़ियों ने भी नहीं जीता। आगामी समर में हमारी कोशिश इसे जीतने की होगी। भारतीय टीम ने पिछले कुछ सालों में शानदार खेल दिखाया है और उनकी टीम भी काफी मजबूत है। इसके बावजूद मुझे लगता है कि इस बार हमारी टीम ट्रॉफी जीतने के लिए बेहतर स्थिति में है।



## केशव महाराज ने बनाया नया कीर्तिमान

**साउथवेल्स, 18 अगस्त 2024।** साउथ अफ्रीका क्रिकेट टीम के गेंदबाज केशव महाराज ने नया कीर्तिमान बनाया है। ऐसा करने वाले वह साउथ अफ्रीका के पहले गेंदबाज बन गए हैं। उन्होंने पूर्व क्रिकेटर ह्यू टेफील्ड को पीछे छोड़ दिया है। साउथ अफ्रीका क्रिकेट टीम के दिग्गज ऑलराउंडर खिलाड़ी केशव महाराज ने नया कीर्तिमान स्थापित किया है। केशव महाराज टेस्ट क्रिकेट में साउथ अफ्रीका के लिए सबसे ज्यादा विकेट चटकाने वाले पहले पहले स्पिन गेंदबाज बन गए हैं। उन्होंने पूर्व दिग्गज स्पिन गेंदबाज

# साउथ अफ्रीका ने भारत का रिकॉर्ड तोड़कर रचा इतिहास



## पहले नंबर पर पहुंच पाई टीम

**आस्ट्रिया, 18 अगस्त 2024।** साउथ अफ्रीका ने दूसरे टेस्ट मैच में वेस्टइंडीज की टीम को 40 रनों से हरा दिया है। इस मैच में वेस्टइंडीज के बल्लेबाज अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए। साउथ अफ्रीका के लिए केशव महाराज ने धमाकेदार प्रदर्शन किया। इसी वजह से उन्हें प्लेयर ऑफ द सीरीज अवॉर्ड दिया गया। वेस्टइंडीज के खिलाफ टेस्ट मैच जीतकर साउथ अफ्रीका ने बड़ा कमाल किया है और खास मामले में टीम पहले नंबर पर पहुंच गई है। साउथ अफ्रीका ने वेस्टइंडीज के खिलाफ लगातार 10वीं टेस्ट सीरीज जीती है। इसी के साथ साउथ अफ्रीका टेस्ट क्रिकेट के इतिहास में एक टीम के खिलाफ लगातार 10 टेस्ट सीरीज जीतने वाली पहली टीम भी बन गई है। साउथ अफ्रीका ने भारत और ऑस्ट्रेलिया का रिकॉर्ड तोड़ दिया है। भारत और ऑस्ट्रेलिया ने वेस्टइंडीज के खिलाफ लगातार 9 टेस्ट सीरीज जीती हैं।

### टेस्ट क्रिकेट में एक ही टीम के खिलाफ लगातार सबसे ज्यादा सीरीज जीतने वाली टीम

साउथ अफ्रीका ने वेस्टइंडीज के खिलाफ 10 सीरीज जीती- (1998-2024)

भारत ने वेस्टइंडीज के खिलाफ 9 सीरीज जीती- (2002-23)

ऑस्ट्रेलिया ने वेस्टइंडीज के खिलाफ 9 सीरीज जीती- (2000-22)

### डब्ल्यूटीसी की प्वाइंट्स टेबल में अफ्रीका को हुआ फायदा

साउथ अफ्रीका के लिए केशव महाराज ने दूसरी पारी में तीन विकेट हासिल किए। इसी के साथ वह अफ्रीका के लिए सबसे ज्यादा टेस्ट विकेट लेने वाले स्पिनर बन गए हैं। उन्होंने 171 टेस्ट विकेट हासिल किए हैं। वेस्टइंडीज के खिलाफ 1-0 से सीरीज जीतने के का फायदा दक्षिण अफ्रीका को वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के प्वाइंट्स टेबल में हुआ है। दक्षिण अफ्रीका ने पाकिस्तान को पछाड़ते हुए पांचवें स्थान पर कब्जा जमा लिया है। वहीं, भारत अभी भी टॉप पर बरकरार है।

मैच के बाद साउथ अफ्रीका के कप्तान टेम्बा बावुमा ने कहा कि मैच के दौरान चीजें थोड़ी उथल-पुथल वाली रही। खुशी है कि मौसम ठीक रहा। दोनों टीमें मैच में थीं। हमने कड़ी मेहनत करना जारी रखा और मैच हमारे पक्ष में गया। युवा टीम के साथ ये आम बात है। हमने गेंदबाजों पर भरोसा किया। रबाडा ने तेज गेंदबाजों की अगुवाई की और स्पिन विभाग की अगुआई केशव ने की। हमें बस आगे बढ़ते रहना है। हम एक अनुभवहीन टीम हैं। खिलाड़ी जितना अधिक खेलेंगे, उनका आत्मविश्वास उतना ही बढ़ेगा।

# अजिंक्य रहाणे ने इंग्लैंड में जमाया ऐसा रंग कि टीम पहुंच गई सेमीफाइनल

**जोहेन्सबर्ग, 18 अगस्त 2024।** भारतीय टीम से इस समय काफी ऐसे खिलाड़ी बाहर चल रहे हैं जो लगातार टीम में वापसी को लेकर कड़ी मेहनत करना जारी रखे हुए हैं इसी में एक नाम अजिंक्य रहाणे का भी शामिल है। रहाणे को हाल में ही घोषित की गई दलीप ट्रॉफी 2024 के लिए चार टीमों में से बीसीसीआई ने किसी भी टीम में जगह नहीं दी है जिससे उनकी वापसी को एक बड़ा झटका जरूर लगा है। वहीं रहाणे अभी इंग्लैंड में खेली जा रही घरेलू 50 ओवर्स मैचों के टूर्नामेंट में लीसेस्टरशायर की टीम से खेल रहे हैं जहां उनके बल्ले का कमाल देखने को मिल रहा है। अजिंक्य रहाणे जिनका इंग्लैंड के वन-डे कप में इस समय शानदार फॉर्म देखने को मिल रहा है उन्होंने लीसेस्टरशायर की तरफ से खेलते हुए हैंपशायर टीम के खिलाफ मुकाबले में 70 रनों की बेहतरीन पारी खेली और अपनी टीम को सेमीफाइनल में पहुंचाने में अहम भूमिका अदा की। इस मैच में हैंपशायर की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 50 ओवर्स में 8 विकेट के नुकसान पर 290 रनों का स्कोर बनाया था। इसके जवाब में टारगेट का पीछा करने उतरी लीसेस्टरशायर टीम ने 30 के स्कोर तक अपने 3 विकेट गंवा दिए थे। यहां से अजिंक्य रहाणे ने पारी को संभालते हुए पीटर हैंड्सकॉम्ब के साथ मिलकर स्कोर को 150 रनों के पार पहुंचाने के साथ टीम के लिए जीत की आधारशिला को रखा। रहाणे ने 86 गेंदों का सामना किया जिसमें 2 चौके और तीन छक्के भी शामिल थे।



# जायडन सील्स ने रचा इतिहास



**गुयाना, 18 अगस्त 2024।** वेस्ट इंडीज के 22 साल के गेंदबाज जायडन सील्स ने साउथ अफ्रीका के खिलाफ तूफानी गेंदबाजी से महफिल लूट ली। उन्होंने दूसरी पारी में 6 विकेट चटकाए। वेस्ट इंडीज और साउथ अफ्रीका के बीच प्रोविडेंस स्टेडियम (गुयाना नेशनल स्टेडियम) गुयाना में दूसरा टेस्ट मैच खेला जा रहा है। इस मुकाबले में वेस्ट इंडीज के गेंदबाज जायडन सील्स ने शानदार गेंदबाजी से महफिल लूट ली है। सील्स ने इतनी घातक गेंदबाजी की कि साउथ अफ्रीका के बल्लेबाजों के बल्लेबाजों के होश उड़ गए। उनके स्टंप उड़कर दूर जा गिरे। सील्स ने पहली पारी में 14 ओवर में 45 रन देकर 3 और दूसरी पारी में 18.4 ओवर में 61 रन देकर 6 विकेट चटकाए। उन्होंने इन विकेटों के साथ इतिहास रचा। सील्स ने कई रिकॉर्ड अपने नाम कर लिए हैं। गुयाना में बेस्ट बॉलिंग फिगर जायडन सील्स ने गुयाना नेशनल स्टेडियम में किसी वेस्टइंडीज खिलाड़ी की ओर से एक पारी में सर्वश्रेष्ठ टेस्ट गेंदबाजी आंकड़े दर्ज किए हैं। स्टेडियम के 18 साल के इतिहास में किसी भी गेंदबाज ने टेस्ट की एक पारी में इतने बेहतरीन आंकड़े हासिल नहीं किए थे। सील्स ऐसा करने वाले पहले गेंदबाज बन गए। खास लिस्ट में नाम शामिल इसी के साथ उन्होंने एक और रिकॉर्ड अपने नाम किया। सील्स ने घरेलू मैदान पर दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ वेस्टइंडीज के किसी भी गेंदबाज की ओर से संयुक्त रूप से दूसरा सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले गेंदबाज बन गए हैं।

# गोल्ड मेडल की तुलना किसी पदक से नहीं की जा सकतीःनीरज चोपड़ा

**मुंबई, 18 अगस्त 2024।** कमर की चोट के बावजूद नीरज चोपड़ा ने पेरिस ओलंपिक में उम्मीदों पर खरा उतरते हुए पोडियम पर दूसरा स्थान हासिल किया। रजत पदक जीतना एक बड़ी उपलब्धि है, लेकिन एक दृढ़ निश्चयी चैंपियन होने और पहले भी ओलंपिक स्वर्ण पदक जीतने के बावजूद चोपड़ा का व्यवहार असंतोषजनक है। गोल्डन बॉय ने देश के लिए इस बार स्वर्ण पदक नहीं जीत पाने के लिए माफी भी मांगी।यह केवल यह दर्शाता है कि नीरज चोपड़ा ने अपने लिए कितने बड़े मानक स्थापित किए हैं और उन्होंने भारतीय खेल सर्किट में क्या बदलाव लाए हैं। चोपड़ा की सफलता ने भारत में लाखों लोगों को उत्साहित कर दिया और प्रशंसक ओलंपिक नायक की वापसी का इंतजार कर रहे हैं। हालांकि, नीरज की वापसी में देरी हुई है क्योंकि वह आगे की रिकवरी के लिए यूरोप में रुके हुए हैं।

हमने नीरज चोपड़ा से पूछा कि वह अपनी उपलब्धियों की सूची में रजत पदक जीतने को किस स्थान पर रखेंगे। इसका जवाब देते हुए उन्होंने एक बार फिर दोहराया कि हालांकि वह इससे खुश हैं, लेकिन उन्होंने यह भी बताया कि स्वर्ण पदक जीतने की आभा की बराबरी नहीं की जा सकती। आप स्वर्ण पदक की तुलना किसी अन्य पदक से नहीं कर सकते, चाहे वह रजत हो या कांस्य। यह वास्तव में जीत के संदर्भ पर निर्भर करता है। स्वर्ण तो स्वर्ण ही है और यह अपरिवर्तनीय है। जबकि ध्वज के साथ चक्कर लगाने और देश के लिए उपलब्धि की भावना महसूस करने का अनुभव बना रहता है, स्वर्ण जीतने का अंतिम रोमांच अपने देश का राष्ट्रगान सुनना होता है।



# 23 अगस्त 2024 को फिर से रिलीज हो रही है फिल्म मैंने प्यार किया




सलमान खान ने सूरज बड़जात्या की मूवी मैंने प्यार किया से एक्टिंग करियर की शुरुआत की थी। 1980 के दशक में आई इस फिल्म में एक्टर ने लीड रोल निभाया था। वहीं, भाग्यश्री उनके अपोजिट नजर आई थीं। अब ये तीन दशकों से अधिक समय के बाद सिनेमाघरों में फिर से रिलीज होगी। फिल्म के निर्माताओं ने घोषणा की और पोस्ट के जरिए फिल्म के री-रिलीज की तारीख भी बताई है। 35 साल बाद ये मूवी अब आप फिर से थिएटर्स में देखकर अपनी यादें ताजा कर सकते हैं। मेकर्स ने ऐलान करते हुए पोस्ट में लिखा, यह उनकी प्यार भरी दोस्ती को फिर से जीने का समय है क्योंकि मैंने प्यार किया 23 अगस्त 2024 को फिर से रिलीज होगी। मैंने प्यार किया के सिनेमाघरों में फिर से रिलीज होने की खबर ने फैंस को उत्साहित कर दिया है। मैंने प्यार किया में सुमन का किरदार निभाने वाली भाग्यश्री ने भी अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर इस घोषणा को रीपोस्ट किया। सूरज बड़जात्या की डायरेक्टेड, मैंने प्यार किया एक रोमांटिक कॉमेडी फिल्म है, जो दो लोगों, प्रेम (सलमान खान) और सुमन (भाग्यश्री) की कहानी बयां करती है। शुरू में दोनों दोस्त बन जाते हैं और प्यार में पड़ जाते हैं। मगर बाद में कई मुश्किल आती हैं। लेकिन उसके बावजूद एक हो जाते हैं। सलमान खान और भाग्यश्री के अलावा, फिल्म में आलोक नाथ, मोहनीश बहल, रीमा लागू, राजीव वर्मा, अजीत वचानी और लक्ष्मीकांत बेर्डे ने प्रमुख भूमिकाओं में काम किया है। वर्कफ्रंट की बात करें तो सलमान खान को आखिरी बार टाइगर 3 में देखा गया था। वह अगली बार एआर मुरुगादॉस की सिकंदर में नजर आएंगे। फिल्म ईद 2025 के दौरान रिलीज होगी।

# फिल्म हाइवे के लिए आलिया भट्ट नहीं ऐश्वर्या राय थीं पहली पसंद

इम्तियाज अली की फिल्म हाईवे आलिया भट्ट के करियर में एक बड़ा टर्निंग पॉइंट लेकर आई। इसके बाद से आलिया ने पीछे मुड़कर नहीं देखा और हर किसी ने उनके टैलेंट को भी सराहा। पर कम ही लोग जानते हैं कि हाइवे में वीरा के रोल के लिए आलिया मेकर्स की पहली पसंद नहीं थीं। इम्तियाज अली ने बताया है कि उन्होंने पहले लीड किरदार की कल्पना एक परिपक्व महिला के रूप में की थी, न कि आलिया जैसी युवा एक्ट्रेस के रूप में। पर, %लव शव ते चिकन खुराना की स्क्रीनिंग के दौरान जब आलिया भट्ट से हुई मुलाकात हुई, तो इम्तियाज अली का मन बदल गया।इम्तियाज अली ने बातचीत में बताया कि हाइवे के लिए उनकी पहली पसंद ऐश्वर्या राय थीं। उन्होंने फिर याद किया कि बातचीत के दौरान वह आलिया की गर्मजोशी और भावनात्मक गहराई से किस तरह प्रभावित हो गए थे। वह बोले, उनका भावनात्मक स्तर बहुत ऊंचा था, और मैं उनसे बात करने के लिए आकर्षित हो गया। जैसे-जैसे हमारी चर्चा घर और समाज जैसे गहरे विषयों पर हुई, आलिया की असली आवाज उभर कर सामने आई। इस बातचीत से मुझे अहसास हुआ कि जो भावनात्मक गहराई उन्होंने वीरा में चाही थी, वह वास्तव में मेरे सामने खड़ी युवा लड़की यानी आलिया द्वारा प्रेजेंट की जा सकती है।



इम्तियाज अली ने बताया कि उन्होंने बेशक हाइवे के लिए ऐश्वर्या राय जैसी किसी सीनियर एक्ट्रेस को लेने के बारे में सोचा था, पर आलिया से मिलने के बाद उन्होंने किसी को अप्रोच नहीं किया। वह बोले, बिना मेकअप के ऐश्वर्या राय इस फिल्म के लिए बेहतरीन चॉइस होतीं, पर मैंने किसी से संपर्क नहीं किया। हाइवे साल 2014 में रिलीज हुई थी, जो वीरा त्रिपाठी नाम की एक लड़की की कहानी बताती है। वीरा एक अमीर परिवार से आती है, जिसका एक हाईवे डकैती के दौरान अचानक ही किडनैप हो जाती है। इस फिल्म में रणदीप हुड्डा भी थे और फिल्म हिट रही थी।



# शेखर होम में जासूसी के बाद अब मुर्शीद में खूंखार गैंगस्टर बनकर लौट रहे के के मेनन

शेखर होम जैसी जबरदस्त वेब सीरीज देने के बाद एक्टर के के मेनन अब एक और धांसू सीरीज में नजर आने वाले हैं, जिसका नाम है मुर्शीद। मेकर्स ने हाल ही इसका फर्स्ट लुक पोस्टर रिलीज किया, जिसमें के के मेनन के साथ एक्टर तनुज विरवानी भी नजर आ रहे हैं। इस वेब सीरीज की अनाउंसमेंट साल 2021 में की गई थी। के के मेनन ने जहां ओटीटी प्लेटफॉर्म जियो सिनेमा पर रिलीज हुई शेखर होम में एक जासूस का रोल निभाया, वहीं मुर्शीद में वह खूंखार रोल में दिखेंगे।

मुर्शीद को 30 अगस्त को ओटीटी प्लेटफॉर्म जी5 पर स्ट्रीम किया जाएगा। मेकर्स ने इसका पोस्टर इंस्टाग्राम पर शेयर कर लिखा है, ये बॉम्बे है मेरी जान, और यहां सरताज-ए-बंबई उर्फ मुर्शीद भाई का सिक्का चलता है।


## खुला पत्र

# तुगलकी फरमान के विरूद्ध कलमबंद अभियान

छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री के विभाग जनसंपर्क के द्वारा स्वास्थ्य मंत्री श्री श्यामबिहारी जायसवाल के विभाग के संबंधित समाचारों के प्रकाशन पर जनसंपर्क संचनालय के आयुक्त सह संचालक आईपीएस श्री मयंक श्रीवास्तव के मौखिक आदेश पर घटती-घटना के शासकीय विज्ञापन पर रोक लगाकर दबाव बनाने से लोकतंत्र के चौथे स्तंभ के मूलभूत हक पर कुठाराघात के विरूद्ध कलमबंद अभियान...के पन्द्रहवें दिन भी केंद्र सरकार से अनुमोदित विज्ञापन नियमावली के आदेश को ठेंगा दिखाने वाले जनसंपर्क विभाग के द्वारा कोई प्रतिक्रिया नहीं देने के पीछे किसका हाथ...

# क्या छापें स्वास्थ्य मंत्री जी ?

## क्या छापें आयुक्त सहसंचालक आईपीएस मयंक श्रीवास्तव जी ?




## छत्तीसगढ़ सरकार घर तोड़िए या कार्यालय तोड़िए...इंकलाब होता रहेगा इंसाफ तक...

## अब तो बताईए मुख्यमंत्री जी...क्या छापें ?

## क्यूं न लिखें सच ?

माननीय मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय जी 25 जून को संविधान हत्या दिवस छत्तीसगढ़ में नहीं मनाया जायेगा क्या?

इमरजेंसी पर बात...हर बात पर आरोप...तो छत्तीसगढ़ में एक आईपीएस के तुगलकी फरमान पर आदिवासी अंचल से विगत 20 वर्षों से प्रकाशित अखबार पर क्यों किया जा रहा है जुर्म...?

क्यों कलमबंद आंदोलन के लिए विवश होना पड़ा एक दैनिक अखबार को...?

**घटती-घटना के स्नेही पाठकों,विज्ञापनदाताओं एवं शुभचिंतकों को हो रही असुविधा के लिए खेद है...**

संपादक :- अविनाश कुमार सिंह

प्रकाशक,मुद्रक,स्वामी अविनाश कुमार सिंह के द्वारा सांई ऑफ्सेट प्रिंटर्स,नमनाकला,संत हरकेवल विद्यापीठ के पास,अम्बिकापुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-अविनाश कुमार सिंह* (पी.आर.बी.कानून के अनुसार संपूर्ण संपादकीय दायित्व के लिए जिम्मेदार)
RNI Reg.No.CHHHIN/2004/15050मो. 94062-23001,98265-32611,Email:ghatatighatana11@ gmail.com,Website:www.ghatatighatana.com, (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अम्बिकापुर न्यायालय मान्य होगा)